**समाचार**

# '' मिशन वरूण '' को मिल रही आशातीत सफलता, जलकर जमा करने आगे आ रहे लोग, जल संरक्षण हेतु हो रहे प्रेरित

**(सोमवार को एक ही दिन में जमा हुआ 01 लाख रू.से अधिक बकाया जलकर, अब तक 06 लाख 85 हजार रू. की जलकर राशि जमा कराई लोगों ने )**




कोरबा 25 नवम्बर 2025 – बर्षो से बकाया जलकर की वसूली एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संचालित किए जा रहे '' मिशन वरूण '' को आशातीत सफलता मिल रही है, एक ओर जहॉ लोग बर्षो से बकाया जलकर की राशि निगम में जमा करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण एवं पानी के व्यर्थ बरबादी के प्रति जागरूक होकर जल के अपव्यय को रोक रहे हैं। सोमवार को एक ही दिन में 01 लाख रूपये से अधिक की बकाया जलकर राशि लोगों द्वारा जमा कराई गई, वहीं पिछले 10 दिनों में अब तक 06 लाख 85 हजार रूपये बकाया जलकर की राशि निगम कोष में जमा कराई जा चुकी है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत सभी वार्ड व बस्तियों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति जलप्रदाय की विशाल संरचनात्मक ढांचे के माध्यम से प्रतिदिन दो बार की जा रही है तथा इस हेतु नियमानुसार जलकर की राशि आरोपित की गई है किन्तु बर्षो से जलकर की वसूली नहीं हो पा रही थी, जिसके मद्देनजर निगम द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक अभिनव कदम उठाते हुए '' मिशन वरूण '' की शुरूआत विगत 14 नवम्बर 2025 को की गई, '' मिशन वरूण '' का प्रमुख उद्देश्य एक ओर जहॉ बर्षो से बकाया जलकर की राशि निगम

कोष में जमा कराने का है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण व पानी की व्यर्थ बरबादी के प्रति लोगों के बीच जनजागरूकता लाकर जल के अपव्यय को रोकना भी है। निगम द्वारा विगत 10 दिवस से संचालित किए जा रहे '' मिशन वरूण '' को आशातीत सफलता मिल रही है, जलकर के बकायादार व आमनागरिक जलकर की राशि को जमा कराने हेतु आगे आ रहे हैं, '' मिशन वरूण '' की टीम को अपना सहयोग दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी हो रहे है, पानी के अपव्यय को रोक रहे हैं। निगम के कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय श्री राकेश मसीह ने बताया कि विगत 10 दिनों में निगम कोष में 06 लाख 85 हजार रूपये की बकाया जलकर राशि जमा कराई जा चुकी है, जबकि सोमवार को केवल 01 ही दिन में 01 लाख रूपये से अधिक की जलकर राशि लोगों द्वारा जमा कराई गई है।

**घर–घर पहुंच रही टीमें, लोगों को कर रही प्रेरित व प्रोत्साहित** – '' मिशन वरूण '' टीम के सदस्य वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचकर घर–घर दस्तक दे रहे हैं तथा आम लोगों को जल का संरक्षण करने, पानी का अपव्यय रोकने व निगम को देय जलकर का समय पर भुगतान करने आदि के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके साथ ही टीम के सदस्य घरों में पहुंचकर वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, इसका भी सर्वे कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर घर के नलों में लगी हुई टोटियों, नल की स्थिति, पानी की पाईप लाईन आदि का परीक्षण करते हुए यह भी सुनिश्चित करा रहे हैं कि कहीं पर जल की अनावश्यक बरबादी तो नहीं हो रही, जहॉ कहीं भी अव्यवस्था दिखती है, उसे व्यवस्थित करने का कार्य भी साथ–साथ किया जा रहा है।

**अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत होंगे टीम के सदस्य** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने '' मिशन वरूण '' की सफलता के लिए मिशन में कार्यरत टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा है कि मिशन की उन ऐसी टीमों को जो अच्छा कार्य करेंगी, बेस्ट परफार्मेन्स देंगी तथा औसत एवं कुल जलकर की वसूली को लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी, उन्हें निगम द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

**जलकर की वसूली के साथ जनजागरूकता प्रमुख उद्देश्य** – '' मिशन वरूण '' का प्रमुख उद्देश्य जलकर की वसूली करने के साथ–साथ पानी की बर्बादी रोकने व जल की उपयोगिता एवं बचत हेतु लोगों को जागरूक करना है। जलकर वसूली के मामले में अभी निगम लक्ष्य से काफी पीछे है, लोग जलकर की राशि अदा करने के प्रति उदासीन है, यदि जलकर का भुगतान समय पर नहीं किया गया तो धीरे–धीरे इस राशि में प्रतिमाह वृद्धि होती जाएगी एवं फिर इसे पटा पाना काफी मुश्किल होगा, लोगों पर अनावश्यक करभार बना रहेगा।

**एक माह तक पर्याप्त शुद्ध पानी के बदले केवल 200 एवं 60 रू.** – निगम का '' मिशन वरूण '' आम लोगों को बताएगा कि आपके घर में एक माह तक प्रतिदिन सुबह–शाम शुद्ध व पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के बदले में आपसे केवल 200 रूपये या केवल 60 रूपये मात्र लिया जा रहा है, क्योंकि अब निगम सम्पत्तिकर दाताओं से 200 रूपये व गैर सम्पत्तिकर दाताओं से केवल 60 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली करेगा।